वार्षिक रिपोर्ट

और परीक्षित लेखा
वर्ष 2023-2024 के लिए

सालार जंग संग्रहालय
हैदराबाद

वार्षिक रिपोर्ट
और
लेखापरीक्षित लेखा
2023 - 2024

विषयवस्तु

क्रम सं	विवरण पृष्ठ	संख्या
1.	संग्रहालय का संक्षिप्त इतिहास और विकास	3
2.	नवाब मीर यूसुफ अली खान बहादुर सालार जंग III	5
3.	संग्रहालय की वर्तमान स्थिति	6
4.	दीर्घाएं, भंडार, पांडुलिपियां, दर्शक सुविधाएं	7
5.	संग्रहालय के उद्देश्य और कामकाज	22
6.	सालार जंग संग्रहालय बोर्ड और उप-समितियाँ	25
7.	वित्तीय स्थिति, एक नज़र में	31
8.	कार्यकलाप, अस्थायी प्रदर्शनियाँ, विशेष वार्ता, कार्यक्रम	32
9.	दस्तावेजीकरण और डिजीटलीकरण	45
10.	विकास कार्य और दीर्घाओं का पुनःसंगठन	47
11.	वार्षिक लेखा	48
12.	लेखा परीक्षा रिपोर्ट	76-82

सालार जंग संग्रहालय
संग्रहालय का संक्षिप्त इतिहास और विकास

हैदराबाद का सालार जंग संग्रहालय विश्व के यूरोपीय, एशियाई और सुदूरपूर्व देशों के विभिन्न कलात्मक उपलब्धियों का भंडार है। इस संग्रह का बड़ा हिस्सा सालार जंग III के नाम से मशहूर नवाब मीर यूसुफ अली खान ने संगृहित किया था। इसमें कुछ दुर्लभ वस्तुएँ उनके दादा नवाब मीर तुराब अली खान, सर सालार जंग-I द्वारा एकत्र की गई थी। एक मनमोहक और संग्रहालय की प्रतिष्ठित संपदाओं में से एक संगमरमर की मूर्ति "वील्ड रेबेका", को सालार जंग-I द्वारा रोम से सन् 1876 में खरीदा गया था। परिवार की इसी परंपरा और कलात्मक वस्तुओं को प्राप्त करने का निजी उत्साह तीन पीढ़ियों तक जारी रहा। सालार जंग III ने 1914 में, एच.ई.एच., निज़ाम के प्रधान मंत्री के पद त्यागने के बाद, अपनी मृत्यु तक अपना संपूर्ण जीवन कला और साहित्य के खजाने, एकत्रित करने और उसे समृद्ध करने में समर्पित कर दिया। 40 वर्षों से अधिक समय तक कीमती और दुर्लभ कलाकृतियों को संग्रह करने की उनकी आसक्ति ही है जो सालार जंग संग्रहालय के पोर्टलों में शोभायमान हैं।सालार जंग-III के निधन के बाद किसी सीधे उत्तराधिकारी के अभाव में, अमूल्य कलात्मक वस्तुओं और उनके पुस्तकालय के विस्तृत संग्रहालय को सालार जंग-III के पुश्तैनी महल में रखा गया था और नवाब के संग्रहण को संग्रहालय का रूप देने के लिए श्री एम.के.वेलोदी,

हैदराबाद राज्य के तत्कालीन मुख्य सिविल प्रशासक के मन में विचार उत्पन्न हुआ था। उन्होंने सालार जंग III के विभिन्न महलों में बिखरे पड़े विभिन्न कलात्मक वस्तुओं और कलाकृतियों ¬तथा कुतूहल पैदा करने वाले वस्तुओं को लेकर संग्रहालय बनाने के लिए ख्याति प्राप्त कला समीक्षक डॉ. जेम्स कजिन्स से संपर्क किया।

डॉ. कजिन्स ने सुझाव दिया कि इस कार्य के लिए श्री जी. वेंकटाचलम, कला समीक्षक की सेवाएँ ली जाएं। श्री वेंकटाचलम के समक्ष विराट समस्या थी कि विशाल संग्रह में से किसे चुनें, जो संग्रहालय के लिए संगत था। प्रस्तावित संग्रहालय का स्थान "दीवान देवडी" ही था, जो सालार जंग परिवार का पुश्तैनी महल था और यह वह महल था जहाँ मीर यूसुफ अली

खान ने अपना सारा जीवन बिताया था। नवजात संग्रहालय का नियंत्रण और पर्यवेक्षण सालार जंग संपदा समिति के हाथ में रहा।

इसके बाद, दिनांक 16 दिसंबर 1951 को विश्व प्रसिद्ध कला पारखी के रूप में सालार जंग के नाम की निरंतरता को कायम रखने की कल्पना से 'दीवान देवडी' में सालार जंग संग्रहालय का उद्गम हुआ जिसे तत्कालीन भारत के प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा इसे जनता के लिए खोल दिया गया। इस प्रकार, वर्तमान सालार जंग संग्रहालय अस्तित्व में आया। यद्यपि, संग्रहालय का प्रशासन वर्ष 1958 तक सालार जंग सम्पदा समिति के हाथों में ही था। इसके बाद, सालार जंग बहादुर के वंशज दिनांक 26 दिसम्बर 1958 को उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर समझौता विलेख के माध्यम से पूरे संग्रह को भारत सरकार को दान करने के लिए सहमत हुए। वर्ष 1961 तक संग्रहालय का प्रशासन सीधे भारत सरकार के अधीन रहा।

वर्ष 1961 में संसद के अधिनियम की संख्या 26 द्वारा सालार जंग संग्रहालय के साथ-साथ सालार जंग पुस्तकालय को 'राष्ट्रीय महत्व का संस्थान' के रूप में घोषित किया गया और इसके प्रशासन और अन्य संबंधित मामलों का निपटान करने के लिए सालार जंग संग्रहालय बोर्ड स्थापित किया गया था। ।

भारत सरकार को संपदा सौंपते समय सालार जंग संपदा समिति द्वारा देखभाल किए गए सभी वस्तुओं को विधिवत रूप से सूचीबद्ध किया गया। रजिस्टरों में सूचीबद्ध संग्रहण की वस्तुसूची उर्दू भाषा में लिखी गई थी, जो इसका मौलिक रिकॉर्ड हैं। वर्ष 1963 और 1964 के दौरान, पूर्व रजिस्टरों के आधार पर अंग्रेजी में 109 जोड़ियों की वस्तुसूची रजिस्टर तैयार किया गया जिसमें वस्तुओं का विस्तृत विवरण उनके नाप और उनके संबंधित चित्र सहित दर्शाया गया। फिर वर्ष 1976 में अंग्रेजी में एक नए रजिस्टर की जोड़ी बनाई गई, जिसे मास्टर लेजर/सामान्य अवासि रजिस्टर कहा जाता है, जो वस्तुसूची रजिस्टरों का विकसित रूप है।

सालार जंग के परिवार का पीढ़ियों तक की विद्वत्ता, शिक्षण और राजमर्मज्ञता के क्षेत्र में यशस्वी इतिहास रहा है और इन दुर्लभ कलाकृतियों, पांडुलिपियों तथा पुस्तकों के विशालतम संकलन में बहुत बड़ा योगदान रहा है, जिन्हें अब संग्रहालय में रखा गया है।

नवाब मीर यूसुफ अली खान बहादूर सालार जंग - III

नवाब मीर यूसुफ अली खान का कलाकृतियों के प्रति उत्साहवर्धक प्रेम जग जाहिर था। उनका महल उन ऐसे व्यक्तियों से भरा होता था जिनके पास बेचने लायक कुछ न कुछ वस्तुएं होती थी। इस प्रकार, उनके चयन के लिए पांडुलिपियाँ, मुद्रित पुस्तकें, लघु चित्रकारियां, सुलेख फलक और सभी प्रकार की कलाकृतियां उनके यहां लाई जाती थी। भारत के विभिन्न भागों से व्यापारी उनके महल में अक्सर आते रहते थे। उन्हें कला की दुर्लभ कृतियों के साथ-साथ प्रतियां भी प्रदान की गईं थी। कई वर्षों तक, वह अनोखी कलाकृतियों और पुरातनकालीन वस्तुओं को संकलित करते रहे, जिन्हें वे अपने महलों के कई कक्षों में रखते थे। कलाकृतियों के प्रति उनका प्रेम उन्हें यूरोप और मध्य पूर्व के देशों तक ले गया, विदेशों में उनके एजेंट उन्हें विख्यात कलाकृति व्यापारियों से सूची पत्र भेजा करते थे और वे अपने महल में बैठकर उन सूची पत्रों को ध्यान से पढ़ते थे और कभी-कभी केबल द्वारा खरीददारी करते थे, उनका अंतिम परेषित माल हाथीदंत कुर्सियों का संच थी, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह मैसूर के टीपू सुल्तान की थी। अफ़सोस की बात है कि वह इन कुर्सियों को देखने के लिए जीवित नहीं रह सके, क्योंकि उन्हें यह प्रेषण उनकी मृत्यु के बाद ही प्राप्त हुई थी।

कलाकृतियों, पांडुलिपियों और पुस्तकों के संकलन के अतिरिक्त, वह कवियों, लेखकों, कलाकारों को आश्रय भी देते थे और साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यकलापों को भी प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने अपने पारिवारिक इतिहास की कई पुस्तकों के प्रकाशन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उदाहरण के लिए 'शेरजंग', 'मीर आलम/'रियाज़-ए-मुख्तारिया' और 'मुराक्का-ए-दिल्ली', जो उन्हें समर्पित थी। उनकी अपनी जीवनी 'यूसुफ-ए-दक्कन' उनके जीवनकाल के दौरान ही प्रकाशित हुई थी। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि अंतिम सालार जंग को जो खजाने विरासत में मिले थे, वे लगातार वास्तविक संग्राहकर्ता के प्रेम और उत्साह में निरंतर बढ़ोत्तरी करते गए। यह संग्रहण उनका देहांत 02 मार्च, 1949 तक जारी रहा। उस समय के सैन्य गवर्नर ने इस महान व्यक्ति के सम्मान में जो पुराने जमाने के महत्वपूर्ण कुलीन पुरूष थे और पूरातन व्यवस्था के भूतपूर्व प्रधान मंत्री थे, एक दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। हैदराबाद आर्ट्स सोसायटी ने एक शोक सभा का आयोजन किया और संवेदना व्यक्त की। सोसायटी ने यह संकल्प लिया था कि उनके नाम से एक संग्रहालय खोला जाएं। स्वर्गीय नवाब साहिब के मित्र प्रो. हुसैन अली खान और नवाब मेहदी नवाज जंग बहादूर ने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना भरपूर योगदान दिया।

संग्रहालय की वर्तमान स्थिति

स्थान:

वर्तमान संग्रहालय भवन का निर्माण मुसी नदी के दक्षिणी सीमा छोर पर किया गया था, जो ऐतिहासिक चारमीनार, मक्का मस्जिद आदि जैसे पुराने शहर हैदराबाद के महत्वपूर्ण स्मारकों के समीप है। संग्रहालय और पुस्तकालय की संग्रहित कलाकृतियों को वर्ष 1968 में दीवान देवड़ी से नए भवन में अंतरित किया गया था। क्योंकि वर्तमान संग्रहालय भवन का स्थान सुगम स्थल पर है अतः इसमें आसानी से पहुंचा जा सकता है, यहा सभी क्षेत्रों के पर्यटकों का सतत ताता लगा रहता है। विशाल संग्रह को ध्यान में रखते हुए, वर्तमान भवन के दोनों ओर दो और भवन के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया था। ये दोनों भवन मीर तुराब अली खान भवन (पश्चिमी ब्लॉक) और मीर लाइक अली खान भवन (पूर्वी ब्लॉक) 1999 ई. में बनकर तैयार हुए।

विस्तार

संग्रहालय द्वारा पश्चिमी और पूर्वी ब्लॉकों पर अतिरिक्त मंजिलों के निर्माण का कार्य किया गया जो अब पूर्ण हो चुका है। इससे 20,000 वर्ग फुट अतिरिक्त क्षेत्र उपलब्ध हुआ जिसमें संग्रहालय द्वारा कुछ और दीर्घाएं तैयार की गई हैं।

इस्लामिक कला दीर्घा: सालार जंग परिवार के संकलन से इस्लामिक कला/कलाकृतियों को प्रदर्शित करने के लिए इस्लामिक कला दीर्घा खोलने की योजना बनाई गई है। सिविल और फैब्रिकेशन का काम पूरा हो चुका है और इंटीरियर का काम प्रगति पर है।

संग्रहालय संकलन

संग्रहालय में न केवल भारतीय मूल की, बल्कि पश्चिमी, मध्य पूर्वी और सुदूर पूर्वी मूल की कलात्मक वस्तुओं और प्राचीन वस्तुओं के विश्व के शानदार संग्रह है। इनके अतिरिक्त, यहां बाल अनुभाग, एक समृद्ध संदर्भ पुस्तकालय है जिसमें संदर्भ पुस्तकें, दुर्लभ पांडुलिपियों का बृहत संकलन आदि शामिल हैं। इस प्रकार, यह संग्रहालय न केवल आनंद के स्थान के रूप में बल्कि शिक्षा के भंडार के रूप में भी लोकप्रिय हो गया है।
दीर्घाएं

दीर्घाएं

आज की तारीख में, संग्रहालय के तीन ब्लॉकों में 40 दीर्घाएं हैं। भारतीय संग्रह विभिन्न राज्य जैसे तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, जम्मू और कश्मीर और कांगड़ा, बशोली, जयपुर, उदयपुर, मेवाड़, हैदराबाद, गोलकोंडा, बीजापुर, कुरनूल और निर्मल से हैं।

पश्चिमी संग्रह में इंग्लैंड, आयरलैंड, फ्रांस, बेल्जियम, इटली, जर्मनी, चेकोस्लोवाकिया और ऑस्ट्रिया शामिल हैं। पूर्वी संग्रह चीन, जापान, बर्मा, कोरिया, नेपाल, थाईलैंड, इंडोनेशिया जैसे देशों और मिस्र, सीरिया,फारस (पर्शिया) और अरब जैसे मध्य पूर्व देशों से हैं। भारतीय कलात्मक वस्तुओं में पत्थर की मूर्तियां, कांस्य, लकड़ी की नक्काशी, लघु चित्रकारी, आधुनिक चित्रकारी, हाथीदांत, जेड, वस्त्र, धातु शिल्प, पांडुलिपियां, बिदरी, अस्त्र-शस्त्र और कवच, उपयोगी शिल्प बर्तन आदि शामिल हैं।

दीर्घाओं की सूची:

1. संस्थापक दीर्घा: इस दीर्घा में सालार जंग परिवार से संबंधित चित्र और अन्य व्यक्तिगत वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। मीर आलम, मुनीर-उल-मुल्क- II मोहम्मद अली खान, सालार जंग I, सालार जंग II और सालार जंग III के कई अच्छे तैलचित्र प्रदर्शित किए गए हैं, जो उनके व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हैं, जो इस दीर्घा की शोभा बढ़ाते हैं।

2. दक्षिण भारतीय कांस्यवर्ण दीर्घा: संग्रहालय का कांस्यवर्ण संकलन पल्लव, विजयनगर, चोल काल के हैं।

3. भारतीय मूर्तिकला दीर्घा: यद्यपि संग्रहालय में पत्थर की मूर्तियों का संकलन कम है, फिर भी उनका बहुत महत्व है क्योंकि वे भारत में प्रचलित विभिन्न मुद्राओं की विशिष्ट विशेषताओं को दर्शाती हैं। ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी की बुद्ध की खड़ी हुई प्रतिमा, सर्प शय्या पर लेटे हुए शेष साई विष्णु की प्रतिमा सर्वोत्कृष्ट है और दीर्घा में प्रदर्शित अन्य मूर्तियों में जैन मूर्तियाँ, गांधार शैली की बुद्ध की मूर्तियां और धर्मनिरपेक्ष मूर्तियां शामिल हैं।

4. दक्षिण भारत की लघु कला से संबंधित दीर्घा: भारतीय कला के इतिहास में लकड़ी पर नक्काशी का महत्वपूर्ण स्थान है। इस दीर्घा में दर्शक निर्मल कार्य की लकड़ी की नक्काशी देख सकते हैं। दीर्घा का प्रमुख भाग दक्षिण भारतीय लकड़ी की नक्काशियों से भरा है।

5. भारतीय वस्त्र और मुगल कालीन शीशा: संग्रहालय का वस्त्र संग्रह महत्वपूर्ण है और इसमें टाई और डाई या बंधनी वस्त्र और कुछ पटोला साड़ियों के नायाब नमूने हैं। संग्रहालय में संग्रहित कलमकारी वस्त्रों, भारत की समृद्धता में से एक हैं, जो कलमकारी पेंटिंग की शैली और तकनीकी के लिए उन्नत आंध्र प्रदेश के मुद्रण को उजागर करते हैं।

6. हाथीदंत दीर्घा: सालार जंग संग्रहालय में विश्व के विभिन्न भागों से हाथीदंत कृतियों का अच्छा संग्रहण है। हाथीदंत का संग्रहण प्लास्टिक कला के माध्यम के रूप में हाथीदंत का उत्कृष्ट नमूना है। संग्रहण में हाथीदंत के मोहरें, चौसर सेट आदि एक रोचक समूह हैं।

7. वील्ड रेबेका दीर्घा: इस दीर्घा में वील्ड रेबेका की मूर्ति को जी.बी. बेंज़ोनी द्वारा पारदर्शी दुपट्टे में तराशा गया है, इस महान कृति को 1876 ई. में सालार जंग I द्वारा खरीदा गया था। विश्व प्रसिद्ध शिल्पकार जी.बी. बेंज़ोनी ने अपनी अचूक छेनी से युवा रेबेक्का को शालीनता दुल्हन के रूप में पारदर्शी दुपट्टे में तराशा है।

8. छड़ी दीर्घा: इस दीर्घा में सालार जंग द्वारा प्रयुक्त केन, हाथीदंत, हड्डियों आदि से बनी विभिन्न प्रकार की पदचालन छड़ियां प्रदर्शित की गई हैं।

9. अस्त्र-शस्त्र और कवच दीर्घा: अस्त्र- शस्त्र और कवच के संग्रहण में तलवारें, छुरा-कटार, युद्ध परशु, बरछे-भाले, अंकुश, गदा, धनुष-वाण और बारूद आदि शामिल हैं। रक्षात्मक हथियारों में विभिन्न स्थानों और लोगों के ढाल, वक्ष प्लेट, हेलमेट और बखतार सूट आदि शामिल हैं। संग्रहण में मुगल सम्राट औरंगजेब, टीपू सुल्तान, मोहम्मद शाह और बहादुर शाह जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व्यक्तियों के हथियार रखे गए है।

10. धातु शिल्प दीर्घा: रजत, कांस्य और अन्य धातु के सीरियाई, फ़ारसी, बर्मी, जापानी, भारतीय, रूसी और अंग्रेजी वस्तुएं इस दीर्घा में शोभायमान है।

11. आधुनिक भारतीय चित्रकला दीर्घा: प्रसिद्ध कलाकारों की कृतियाँ संग्रहालय के संग्रहण में सजाई गई हैं। दीर्घा में रवि वर्मा द्वारा रचित "द केरला ब्यूटी" और "स्टोलन इंटरव्यू" सजाई गई हैं। संग्रहण में प्रस्तुत बंगाली समूदाय के प्रतिनिधियों में रवीन्द्रनाथ टैगोर, नंदलाल बोस, चुघताई, बेहारी मुखर्जी और वी.एस. मारोजी. जैसे कलाकारों की कृतियाँ प्रमुख हैं। दीर्घा में एम.एफ.हुसैन, के.के. हेब्बर, एन.एस.बेंद्रे, पणिकर, के.एस. कुलकर्णी, पी.टी. रेड्डी, पेडीराजू और दिनकर कौशिक की चित्रकलाएं भी शोभायमान हैं।

12. भारतीय लघु चित्रकला दीर्घा: मुगल कालीन लघु चित्रकारी के कुछ मोहक उदाहरण इस दीर्घा में प्रदर्शित किए गए हैं। लघु चित्रकारी के क्षेत्र में राजस्थान के प्रेम भूमि का बहुत बड़ा योगदान है। 18वीं सदी के मध्य की चित्रकारी का उत्कृष्ट समूह जैसे न्यायालय के दृश्य, संत, राजा का जुलूस आदि पहाड़ी, बशोली-कांगड़ा क्षेत्र से हैं। दक्कन क़लम के अंतर्निहित आकर्षण और व्यंजनों को प्रतिबिंबित करने के लिए अच्छी संख्या में लघु चित्रकारी भी उपलब्ध हैं। संग्रहालय में जैन कल्पसूत्रों में पूर्वार्द्ध के रोचक पत्ते हैं, जिस पर पश्चिम भारतीय चित्रकला की प्रारंभिक शैली अर्थात 14वीं और 15वीं शताब्दी ई.प. के चित्रण हैं।

13. खिलौने और गुड़िया: संग्रहालय में खिलौनों और गुड़ियों का बृहत अच्छा संकलन मौजूद है। अलग-अलग स्थानों के खिलौनों का अपना अलग महत्व और प्रतिभा होता है। पुराने जमाने के हमारे शिल्पकार जंगली जानवरों, पक्षियों और देवताओं के मिट्टी के नमूने बनाकर बच्चों को पेश करते थे। कोंडापल्ली, विजयवाड़ा के खिलौनों ने पूरे देश और विदेश में एक महान प्रतिष्ठा स्थापित की है। खिलौने अमुमन पक्षियों, पौराणिक कथाओं और नित्य कार्मिकों से प्रभावित थे। इस दीर्घा में प्रदर्शित किए गए खिलौने बहुत ही नाजुक, दुर्लभ और अभिव्यक्तिपूर्ण चेहरों एवं वास्तविकता के अनुरूप हैं।

14. वनस्पति और जीव-जंतु दीर्घा: इस दीर्घा में चीन, जापान और अन्य यूरोपीय देशों से लाए गए धातु, संगमरमर और चीनी मिट्टी से बने पशु और पक्षियां प्रदर्शित किए गए हैं।

15. बाल अनुभाग: इस अनुभाग में प्रदर्शित किए गए कलाकृतियों द्वारा दीर्घाओं में आने वाले बच्चों को शैक्षणिक ज्ञान प्रदान किया जाता है। इस दीर्घा में विश्व के विभिन्न क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांस्य मूर्तियां, चीनी मिट्टी की कलाकृतियां, संगीत बक्से, संगमरमर की मूर्तियां और खिलौनों की भरमार हैं। जापान की गीशा गुड़िया, लियोनेल कॉर्पोरेशन ऑफ अमेरिका 1930 द्वारा निर्मित इंग्लैंड की कार्यात्मक चलती गाड़ी और स्नो व्हाइट के सात बौनों का एक सेट इस अनुभाग की प्रतिष्ठा को बढ़ाते हैं।

16. अरबी और फ़ारसी पांडुलिपियाँ: अरबी और फ़ारसी पांडुलिपियाँ संग्रहालय का सबसे महत्वपूर्ण संकलन हैं। सबसे प्रचीन प्रदर्शित पांडुलिपि कुफिक लिपि में चर्मपत्र पर लिखी गई पवित्र कुरान है जो 9वीं शताब्दी ईस्वी सन की है। इसके अतिरिक्त यहां कई पवित्र कुरान है, जो प्रदीप्त और अलंकृत कर रखे गए है जो दोनों दीर्घाओं को सुशोभित करते हैं। अन्य प्रदर्शित स्मरणीय पांडुलिपियों में फारसी के सुल्तान हुसैन द्वारा लिखित उमर खय्याम की चौपाइयां और शाहजहाँ की चहेती बेटी राजकुमारी जहाँनारा बेगम द्वारा लिखित आत्मकथा, मोहम्मद-बीन-अब्दुल रहमान सम्मारकंडी (1424 ई. सं) द्वारा लिखित प्रदीप्त पवित्र कुरान (फिरदौसी) शाहनामा आदि हैं।

17. फ्रेंच अफ़्रीकी दीर्घा: इस दीर्घा में 24 कलाकृतियां प्रदर्शित किए गए हैं। एक अफ़्रीकी मुँह में पाइप रखकर अख़बार पढ़ते हुए दर्शाने वाली कलाकृति इस दीर्घा का आकर्षण केन्द्र है।

18. भारतीय रजत दीर्घा: इस दीर्घा में भारतीय मीनाकारी और प्रतिमाओं की कलाकृतियां और करीमनगर (तेलंगाना राज्य) और कटक (ओडिशा) के फिलइग्री कलाकृतियां समृद्ध कलाकृतियाँ हैं।

19. कालीन दीर्घाएं: फ़ारसी कालीन संग्रहालय के मध्य-पूर्वी कला संग्रह में अद्वितीय स्थान रखते हैं। इस दीर्घा में जटिल बुनाई और आभूषणों के पैटर्न सहित सजावट के सुंदर नमूने, विशेष रूप से फारसी के सभी महत्वपूर्ण करघे अर्थात् काषना, बोखारा, तब्रीज़, किरमान, शिराज आदि दर्शाए गए हैं।

20. मिस्र और सीरियाई कला दीर्घा: यद्यपि प्रदर्शित किए गए मिस्र की अधिकांश कलाकृतियां प्राचीन मिस्र के राजाओं की महत्वपूर्ण मकबरों से ली गई मूल प्रतियों की केवल नकल हैं। कलाकृतियों में फर्नीचर, सजावटी सामान और हाथीदंत की नक्काशी शामिल है। 1340 ईसा पूर्व की तूतनखामेन सिंहासन की शानदार प्रतिकृति आकर्षण का केंद्र है। यद्यपि इस सिंहासन की नकल प्रति 20वीं सदी में बनाई थी, तथापि दर्शक इस सिंहासन को देखकर मूल सिंहासन के उत्कृष्ट कारीगरी को आसानी से जान सकते है। सीरियाई कलाकृतियों में मोतियों की सीप जड़ित राजसी कारीगरी के साथ एक बड़ी संख्या में सज्जा सामग्री की वस्तुएं हैं। उनमें से अधिकांश उत्कीर्ण किए हुए हैं।

21. जेड दीर्घा: जेड अर्ध-कीमती पत्थर है, जिसका रंग प्रायः पूर्ण सफेद से विभिन्न रंगों; हीरा पन्ना से स्याह काले हरे रंगों में मिलता है। इस संग्रह में शराब की प्याली (सादा और कीमती पत्थरों से जड़ा हुआ) प्लेट, कप, बुक स्टैंड, बेल्ट बकल, शस्त्र म्यान, फ्लाई व्हिस्क हैंडल और हेयर पिन आदि शामिल हैं। जेड अंकित बुक-स्टैंड का नाम "शम्सुद्दीन इल्तमिश" है, और मुगल सम्राट शाहजहाँ की उपाधि - "साहिब-ए-कुरान-ए-सानी" के साथ अंकित धनुर्धर अंगूठी उत्कृष्ट कलाकृतियाँ हैं। जेड से बनी हुई फलो की चाकु और छुरा जिसमें कीमती पत्थर जड़े हैं, क्रमशः जहांगीर और नूरजहाँ से संबंधित माने जाते है।

22. बिद्री दीर्घा: बिद्री शब्द बीदर शहर के नाम से लिया गया है, जो हैदराबाद से लगभग 120 किलोमीटर की दूरी पर उत्तर पश्चिम में स्थित है। बिद्री कला सिर्फ बीदर से संबंधित नहीं है, परंतु यह कला हैदराबाद, लखनऊ, पुणे और कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी की जाती थी। सामान्यतः यह डिज़ाइन चांदी के पत्रों से बनाया जाता है। काली पृष्ठभूमि पर चमकते चांदी का अभिकल्प इसको उत्कृष्टता प्रदान करता है। इस संग्रहालय में पुराने बिद्री शिल्पकला के नमूने जैसे हुक्का बॉटम्स, पानदान, ट्रे, सुराही, आफ्तबास, गुलदस्ता आदि प्रदर्शित है।

23. कश्मीर दीर्घा: कश्मीर कक्ष में पेपर मेशी, हाथीदंत, लकड़ी, रेशम और प्रलाक्षा से बनाए गए कुशल कारीगरी के नमूने प्रदर्शित किए गए हैं।

24. सिक्का दीर्घा: संग्रहालय में विभिन्न अवधियों के सिक्कों का बृहत संग्रह है, जिसमें मगध शाही, मौर्य साम्राज्य, शातवाहना, विष्णुकुंडी, पश्चिमी और पूर्वी चालुक्यों के सिक्कों को इस दीर्घा में प्रदर्शित किए गए हैं। इस्लामी सिक्कें, खिलजी, तुगलक उनके बाद बहमनी निज़ाम शाही, बारीद शाही, मुगल, कुतुब शाही, आसिफजही जैसे दिल्ली के सुल्तान से संबंधित सिक्के भी इस दीर्घा में प्रदर्शित किए गए हैं।

25. उपयोगी शिल्पी वस्तु दीर्घा: यहां प्रदर्शित शिल्प कलाकृतियों में उपयोगी शिल्पी वस्तुएं और मोरादाबाद और दक्कनी पारंपरिक हुक्का, पानदान, पशुओं की अनोखी कलाकृतियां और आदिवासी कलाओं का सेट इस दीर्घा में शोभायमान हैं।

26. यूरोपीय फर्नीचर दीर्घा: यूरोपीय फर्नीचर यूरोपीय कला- कृतियों के संकलन का अन्यतम आकर्षक हिस्सा है। फ्रेंच फर्नीचर में अलमारियाँ, कंसोल, कुर्सियाँ, सोफा-सेट, कमोड, रमणीय परदा, मेज आदि विविध सामग्री शामिल हैं, जो प्लुईस XIV (1643-1715), लुईस XV (1715-44) लुईस XVI (1774-92) और नेपोलियन-I की अवधि से संबंधित हैं।

27. चीनी दीर्घा: इस संग्रहालय के उल्लेखनीय चीनी संग्रहण 12वीं से 19वीं शताब्दी तक का है। बाहरी दुनिया में पहुंचने वाला प्राचीन चीनी मिट्टी के बर्तन निस्संदेह "सेलादान" था, जो विशिष्ट धुंधली हरी चमकीली सामग्री जैसा दिखता था। सुघंनी की बोतल इस दीर्घा की उत्कृष्ट गुण है। इस माध्यम में प्रदर्शित किए गए सामग्रियों में रोगन और जड़ाऊ चिलमन, रोगन बक्से, सुघंनी की बोतल, गुलदान और फर्नीचर आदि शामिल हैं। संग्रहालय में चीनी हाथीदांत का संग्रहण अपनी जटिलता और कुशल नक्काशी के लिए बहुत दिलचस्प है। इसमें अधिकतम कलाकृतियाँ शामिल हैं, परंतु कुछ विस्तृत नक्काशीदार दाँत और रोगन से बनी हाथी दांत की कलाकृतियाँ 18वीं से 19वीं शताब्दी की हैं।

28. सुदूर पूर्वी चीनी मिट्टी के बर्तन दीर्घा
इस दीर्घा में 12वीं से 19वीं शताब्दी तक चीन में बने चीनी मिट्टी के बरतन और 17वीं से 19वीं शताब्दी तक जापान में बने चीनी मिट्टी के बर्तन प्रदर्शित किए गए है।

29. जापानी दीर्घा:
यद्यपि जापानी कला इतिहास और संस्कृति के क्षेत्र में चीन के नैसर्गिक उपसिद्धांतवादी के रूप में उभरा है, इसने कला के साथ-साथ संस्कृति के क्षेत्र में भी अपनी पहचान विकसित की है। संग्रहालय के संकलन में प्राचीन वस्तुओं के नीले और सफेद चीनी मिट्टी के बर्तन हैं जो 17वीं शताब्दी के है। संग्रहालय में प्रख्यात सत्सुमा बर्तनों का प्रचुर संकलन है जिसमें विभिन्न आकारों के गुलदान, कटोरे और प्लेटें और चाय के छोटे सेट भी शामिल हैं। संग्रहालय में समुराई तलवारें हैं जिस पर हाथी दांत के मूठ लगे हैं, जो कटाना (बड़ी तलवार) के साथ-साथ वाकीज़ैश (छोटी तलवार) दोनों को दर्शाता हैं और उनमें एक बड़े तलवार के म्यान में फिट होने वाला कोडज़ाका (मिसाइल हथियार के रूप में प्रयुक्त की जाने वाली छोटी छूरी) भी है।

30. सुदूर पूर्वी मूर्तिकला दीर्घा: इस दीर्घा में नेपाल और तिब्बत जैसी देश से शिल्पकारी कलाओं से संबंधित रोचक चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। यहां की मूर्तिकला स्पष्ट रूप से तीन माध्यमों से बनी है, जैसे कांस्य, धातु और लकड़ी। अधिकांश दीर्घाएं बौद्ध शिल्पकारी से संबंधित हैं जो बौद्ध धर्म के स्थायी प्रभाव को दर्शाती हैं जो भारतीय उपमहाद्वीप से चीन और जापान जैसी सुदूर भूमि तक फैला हुआ है। बौद्ध मूर्तिकला के अतिरिक्त इस दीर्घा में जापान के समुराई सैनिकों के मूर्तियां भी अत्यंत रोचक रूप से प्रदर्शित हैं।

31. सुदूर पूर्वी लकड़ी की नक्काशी:
32. सुदूर पूर्वी लकड़ी का फर्नीचर:

17वीं से 20वीं शताब्दी तक चीन, जापान और बर्मा की लकड़ी की नक्काशी का बृहत संकलन यहा प्रदर्शित है।

33. यूरोपीय पेंटिंग दीर्घा: तेल और जल पेंटिंग यूरोपीय संकलन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। संग्रहालय में प्रदर्शित चित्रों में कैनेलेटो, हयेज़, ब्लास, मार्क एल्डीन, डिज़ियानी, मैटेइन और कुछ कम विख्यात चित्रकारों की कृतियाँ शामिल हैं। सालार जंग संग्रहालय में प्रदर्शित कैनालेटोस का तैल चित्रकला □पियाज़ा सैन मार्को□ एक मनमोहक कृति है। हयेज़ की मधुर रचना 'साबुन का बुलबुला' जिसमें एक लड़का बुलबुले छोड़ रहा है जो हवा में तैर रहे है, वह पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है।

34. यूरोपीय शीशा दीर्घा: संग्रहालय में वेनिस, फ्रांस, इंग्लैंड, अमेरिका, बोहेमिया, बेल्जियम, तुर्की और चेकोस्लोवाकिया से लाए गए शीशे के कई उत्कृष्ट नमूने देखने मिलते हैं। वेनिस में बनी हुई शीशे की कलाकृतियां संकलन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। बोहेमियन शीशे की निथरनी और कटोरों पर बारोक शैली में एकैन्थस, फूल और बेलबूटियों की नक्काशी कटाई और एनामेल किया गया।

35. फ्रेंच दीर्घा: इसमें बारोक, रोक्कोको, नव-शास्त्रीय शैली और ओरमोलू पर लगे फ्रांस के फर्नीचर प्रदर्शित किए गए हैं, जो लुई XIV (1643-1715), लुई XV (1715-44), लुई XVI (1774-92) और नेपोलियन I से संबंधित हैं और ये गैलरी की शोभा बढ़ाते हैं। इसके अतिरिक्त गैलरी में फ्रांस से प्राप्त सुंदर सेव्रेस पोर्सिलेन भी प्रदर्शित किए गए हैं।

36. यूरोपीय घड़ी दीर्घा: सालार जंग संग्रहालय में फ्रांस, इंग्लैंड, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, हॉलैंड आदि विभिन्न यूरोपीय देशों की घड़ियों का प्रचुर मात्रा में संकलन है। इस विविधता में चिड़िया का पिंजरा घड़ी, ब्रैकेट घड़ी, दादा घड़ी, कंकाल घड़ी आदि शामिल हैं। संग्रहालय में लुईस XV, लुईस XVI और फ्रांस के नेपोलियन-I के समकालीन काल की घड़िया इसके कुछ अच्छे उदाहरण भी हैं। यहाँ की सबसे महत्वपूर्ण घड़ी जो अत्यधिक संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करती है, वह है ब्रिटिश ब्रैकेट घड़ी। इसमें एक यांत्रिक उपकरण लगा हुआ है जिसके जरिए एक छोटा खिलौना हर घंटे पर पिंजरे से बाहर निकल कर घंटा बजाता है और फिर वापस पिंजरे में चला जाता है।

37. यूरोपीय चीनी मिट्टी के बर्तन दीर्घा: संग्रहालय में ड्रेसडेन चीनी मिट्टी के बर्तनों का बहुत बड़ा संकलन है, जो सेव्रेस संचयन के बाद आता है। बकरे पर सवार एक दर्जी और उसकी पत्नी की बकरी की सवारी करते हुए चित्र ड्रेसडेन चीनी मिट्टी के बर्तनों का संकलन उत्कृष्ट नमूना है । अंग्रेजी चीनी मिट्टी के बरतन संकलन विभिन्न प्रकार के हैं जो ज्यादातर 19वीं शताब्दी के दौरान निर्मित हुए थे। उत्कृष्ट नमूनों में प्याली, तश्तरी, प्लेट, फूलदान, गर्म पानी की प्लेट, मूर्तियाँ आदि हैं। इस संग्रहण में वॉर्सेस्टर, चेल्सी, डर्बी, कोलपोर्ट, स्पेड, मैनचेस्टर, मिंटन, वेजवुड, आदि कारखानों के नमूने शामिल हैं।

38. यूरोपीय कांस्य दीर्घा: संग्रहालय में रखे गए यूरोपीय कांस्यवर्ण की कलाकृतियों में कुछ प्रसिद्ध शिल्पकारों की मूल कृतियों के साथ-साथ नकल कलाकृतियां भी संग्रहित हैं जो काफी विख्यात हैं। ग्रीक कलाकृतियों में, 'लाऊकून एंड हिज सन्स' नामक कृति की नकल विलक्षणता का प्रतीक है। इस कला सदियों से यूनानी शिल्पकारों को प्रभावित किया है और उनमें से सबसे प्राचीन कलाकृति 50 ईसा पूर्व की हैं। इनके अतिरिक्त, यहां और कई प्रतिमाएं है जैसे स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी, अलेक्जेंडर ऑन हार्स बैक, ऑगस्टस सीजर, नाइट वॉचमैन आदि जो इन व्यक्तियों से जुड़ी कई ऐतिहासिक घटनाओं की याद दिलाती हैं।

39. यूरोपीय संगमरमर दीर्घा: संग्रहालय में संगमरमर की मूर्तियों का बहुत बड़ा संकलन हैं यद्यपि उनमें से अधिकांश प्रसिद्ध शिल्पकारों द्वारा बनाई गई ग्रीक पौराणिक शिल्पों के नकल हैं, जो बगीचे में रखने वाली मुर्तियां है। इस कृति में विश्व प्रसिद्ध शिल्पकार जी.बी. बेंज़ोनी ने अपनी अचूक छेनी से वधु की रूप में रेबेक्का की शालीनता और यौवन को दर्शाया है। अन्य बातों के साथ-साथ, प्रोफेसर बोरियोन की 'क्लियोपेट्रा', फ्रांसीसी शिल्पकार की 'बेब' जिसमें एक बच्चे की मासूमियता झलकती है और क्यूपिड की पत्नी 'साइके' जो सुंदरता का प्रतीक हैं, की प्रतिभा उत्कृष्ट उदाहरण हैं। सुप्रसिद्ध फ्रांसीसी शिल्पकार, कैनोरा (1757-1822) की दो मूर्तिकलाएं जिनमें राजकुमारी पॉलीन को वीनस के रूप में दर्शाया गया है और वीनस की दूसरी मूर्ति भी उत्कृष्ट संगमरमर हैं। इटली, फ्रांस और इंग्लैंड से मंगवायी गयी कई संगमरमर की मूर्तियाँ संग्रहालय में उपलब्ध हैं।

40. यूरोपियन लैंप और झूमर गैलरी: यूरोपियन लैंप और झूमर गैलरी: लैंप संग्रहण दुनिया के विभिन्न हिस्सों जैसे बर्मिंघम, इंग्लैंड, ऑस्ट्रिया, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, बोहेमिया से खरीदे जाते हैं। अधिकांश केरोसिन लैंपों को सुलभ उपयोग हेतु इलेक्ट्रिक लैंप में प्रतिस्थापन कर दिया गया था। विभिन्न रंगों में 16 शाखाओं सहित क्रिस्टल झूमर के लिए सुंदर कांच प्रदर्शित किया गया है।

भंडार

सभी कलाकृतियों को सामग्री-वार अलग-अलग किया गया, जैसे वस्त्र, लकड़ी का फर्नीचर, लघु चित्रकारी, शीशा, चीनी मिट्टी के बर्तन और पेंटिंग आदि और इन्हें नए भंडार कक्ष में स्थानांतरित किए गए हैं, इन कक्षों को कॉम्पैक्टर और अलमारियों सहित आधुनिक वैज्ञानिक तरीके से नवनिर्मित एवं उन्नत किए गए हैं जिसमें इन कलाकृतियों को प्रत्यक्ष रूप से तथा प्रदूषण से बचाया जा सकता हैं। अब तक 15 भंडार कक्षों में से 12 कक्षों में कॉम्पैक्टर्स लगाए गए हैं।

पुस्तकालय और पांडुलिपि अनुभाग

सालार जंग संग्रहालय के पुस्तकालय में सालार जंग परिवार द्वारा एकत्रित पुस्तक और पांडुलिपियों का संकलन शामिल है। इस संकलन का उद्गम 1656 ई. में हुई थी। नवाब मीर तुराब अली खान, सालार जंग-I द्वारा इस पुस्तकालय को सुव्यवस्थित संग्रह का रूप दिया गया था, जिसे उनके पुत्र नवाब मीर लाइक अली खान, सालार जंग II द्वारा और अंत में उनके पौत्र नवाब मीर यूसुफ अली खान, सालार जंग III ने विकसित किया और इसमें वृद्धि की। पुस्तकालय और पांडुलिपि अनुभाग दूसरी मंजिल पर स्थित है। इस समृद्ध पुस्तकालय में अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, तेलुगु, फ़ारसी, अरबी और तुर्की भाषा की पुस्तकें शामिल हैं। अंग्रेजी में मुद्रित पुस्तकों में अनुसंधान पत्रिकाएँ, दुर्लभ फोटो का अलबम और मूल्यवान नक्काशी शामिल हैं। इस विशाल संग्रह की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें कला, वास्तुकला, पुरातत्व, भौतिक, जैविक और सामाजिक विज्ञान, साहित्य, इतिहास और यात्रा जैसी विभिन्न क्षेत्र की ज्ञानवर्धक पुस्तकें हैं। इसमें इस्लाम, हिंदूत्व, ईसाई और अन्य धर्मों से संबंधित धार्मिक पुस्तकों का संग्रह भी शामिल है। इस संग्रह की प्रचीनतम पुस्तक 1631 ई. में मुद्रित एक अंग्रेजी पुस्तक है। इस पुस्तकालय में कला, शिल्पकला, चित्रकला, सिरेमिक कला, अलंकरण कला, संगीत शास्त्र, पर्यटन आदि जैसे विषयों से संबंधित नवीनतम पुस्तकें निरंतर जोड़ी जाती हैं। संग्रहालय के कर्मचारियों के अतिरिक्त अनुसंधान विद्वान (भारत और विदेश दोनों से) नियमित रूप से पुस्तकालय में आते रहते हैं। प्रतिदिन औसतन दस व्यक्ति अपनी शिक्षा के मूल को समृद्ध और विस्तारित करने के लिए पुस्तकालय का उपयोग करते हैं। संग्रहालय में उत्कृष्ट पांडुलिपियों का संग्रहण अरबी, फ़ारसी, उर्दू और अन्य भाषाओं में है। इस संग्रह में सुलेख पट्ट भी शामिल हैं।

इन संग्रह में विभिन्न ईरानी और भारतीय पंथ की पुस्तकें हैं जैसे बुखारा, इस्फ़हान, शिराज, तब्रेज़, कछार, हर्थ, लाहौर, कश्मीर, पंजाब, दिल्ली, जयपुर, मारवाड़, गुजरात कंपनी स्कूल और दक्खनी उप पंथ जैसे गोलकुंडा, बीजापुर, बीदर और हैदराबाद आदि शामिल हैं। पांडुलिपियों में इतिहास, जीवनी, गणित, संगीत, खगोल-विज्ञान, चिकित्सा, दर्शन, भौतिकी, रसायन विज्ञान, पशुपालन, शिकार, सैन्य, विज्ञान, विधि, साहित्य, पवित्र कुरान और अन्य संबंधित विषयों जैसे विषयों की विस्तृत श्रृंखला शामिल है।

अरबी पांडुलिपियाँ

इस पुस्तकालय में अरबी पांडुलिपियों का संग्रह है, इसका मुख्य आकर्षण गणित में बीजगणित (847 ईस्वी) पर 'शरहूँ मुख्तसर अल मुख्तसर' नामक दुर्लभ कार्य है। खगोल-विज्ञान में सबसे पहला कार्य ग्लोब (16वीं शताब्दी) को तैयार करना और उसका उपयोग करना है। चिकित्सा के क्षेत्र में, एविसेना (इब्नसिना) का किताबुल क़ैनून की पांडुलिपि और प्राकृतिक इतिहास में हयातुल हैवान का उल्लेखनीय कार्य यहां उपलब्ध है।

दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में रसैल इख्वानस सफ़ा (16वीं शताब्दी) का विश्वकोषीय कार्य भी पुस्तकालय में उपलब्ध है। तर्क शास्त्र पर अल तजरिड फिल मंटिक नसीरुद्दीन तुसी (1628 ई.) का प्रसिद्ध कार्य है और बादशाह जहाँगीर की शाही पुस्तकालय से अला शरहिल मताली की पांडुलिपि की प्रति भी उपलब्ध हैं। यहा के संग्रहण में शियाओं और सुन्नियों, यहूदी और सूफियों द्वारा अदियाह (प्रार्थना) में प्रयोग होने वाले इस्लामी धर्मशास्त्र की पांडुलिपियां भी उपलब्ध हैं। सूफी सिद्धांत (दिल्ली 1675 ई.) के प्रवर्तकों के परिचय पर ता'अर्रुफ़ ली मधबित तसव्वुफ़ एक दुर्लभ कृति है। अबु नसर का साबब (1218 ई.) प्रचीनतम संग्रह है। जैउल क़वायद सिनटैक्स (1576 ई.) के विषय में एक दूर्लभ कोडेक्स है और निज़ाम-□□ की अवधि के दौरान शब्द साधन विषय पर लिखी गई अस शफ़िया पर वाक्य विचार, पुस्तकालय की महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं।

फ़ारसी पांडुलिपियाँ

यहां फ़ारसी भाषा की पांडुलिपियों का बृहत संकलन उपलब्ध है। इनमें से सबसे उत्कृष्ट रौदातुल मुहिब्बिन है, जिसमें बुखारा परंपरा से संबंधित बीस चित्र शामिल हैं और इसे प्रख्यात सुलेखक मीर अली हरवी ने लिप्यांतरण किया है। सुन्नी कामेंटरी सबसे पुरानी पांडुलिपि बसैर फिल वुजुह वान नजीर है, जो अरबी नक्ष में 1207 ईस्वी में लिखी गई थी। तसव्वुफ़ पर, बहुमूल्य और उपयोगी ग्रंथ लिप्यांतरण 1588 ई. में बयाज़िद बुस्तामी ने किया था। कला, विज्ञान, भविष्यवाणी, ज्योतिषी, जादू और धनुर्विद्या विषयों पर भी पांडुलिपियाँ उपलब्ध हैं। कृषि पर पुरानी पांडुलिपि और बहुमूल्य और अर्ध बहुमूल्य पत्थरों पर कई पांडुलिपियां हैं।

सुलेखन कला पर संग्रहालय में कई पांडुलिपियाँ हैं, पाक कला पर दो पांडुलिपियाँ, जो शाहजहाँ के लिए लिखी गई दस्तूर-ए-पुख्तन-एल अतामाह नाम से रचित हैं। इत्र (सुगंधित तेल) बनाने के बारे में भी प्राचीन पांडुलिपियाँ है। चिकित्सा के क्षेत्र में प्राचीनतम अरबी भाषा का फ़ारसी में अनुवाद मुहम्मद अररादी द्वारा शाहजहाँ के लिए लिखी गई तरजुमा-ए-मिन्हाजुल मायन उपलब्द हैं। संग्रहालय में भारत में लिपिबद्ध सबसे पुरानी चिकित्सा विश्वकोश भी उपलब्ध है। पशु चिकित्सा विज्ञान में, पशुओं की चिकित्सा पर उपलब्ध प्राचीनतम पांडुलिपियां मुआलाजा-ए-जानवरन है और यह फिरोज शाह (1281 ईस्वी) को समर्पित है।

उर्दू, तुर्की, पुश्तु, हिंदी और उड़िया पांडुलिपियाँ: सालार जंग संग्रहालय में विभिन्न विषयों पर उर्दू पांडुलिपियाँ हैं, जिनमें राजा मुहम्मद कुली द्वारा रचित दीवान-ए कुली कुतुब शाह और इब्राहिम आदिल शाह द्वारा "नुरुस" और अंकगणित पर 'लीलावती' नामक दुर्लभ पांडुलिपियां उपलब्ध हैं। तुर्की में 25 से अधिक पांडुलिपियाँ और कुछ हिंदी में और कुछ फ़ारसी लिपि में पांडुलिपियाँ हैं, जैन कल्पसूत्र में कुछ पन्ने और इतिहास, चिकित्सा, तंत्र और कविता से संबंधित कुछ भोज पत्र उड़िया, संस्कृत और तेलुगु में उपलब्ध हैं।

दर्शक सुविधाएं

- संग्रहालय में स्वागत केंद्र और अलग से बुकिंग काउंटर की व्यवस्था की गई है।

- संग्रहालय में एक आमानती सामान भवन है और पहली मंजिल पर हैदराबादी व्यंजनों के लिए विशेष भोजनालय हेतु स्थान प्रस्तावित है और दूसरी मंजिल पर छोटी प्रदर्शनियों के संचालन के लिए छोटा सा प्रदर्शनी हॉल है।

- संग्रहालय में दर्शकों के लिए मुख्य भवन में पूर्ण कैफेटेरिया और भूतल पर पश्चिमी ब्लॉक में एक छोटे आउटलेट की व्यवस्था की गई है जिसे तेलंगाना पर्यटन विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है।

- दिव्यांगजनों के लिए व्हील चेयर और शौचालय की भी व्यवस्था की गई हैं।

• मल्टी-मीडिया, ऑडियो वीडियो विजुअल और मार्गदर्शक सुविधाएं उपलब्ध हैं। संग्रहालय ने संपूर्ण सूचना के साथ चार दीर्घाओं में टच स्क्रीन प्रणाली लगाई गई है। प्रवेश द्वार पर 65" स्क्रीन वाली संग्रहालय सूचना प्रणाली स्थापित की गई थी।

• संग्रहालय ने दर्शकों के लिए भूदृश्य और बैठने की सुविधा विकसित की है।

• तीनों भवनों के फ्लोर प्लान के संक्षिप्त स्केच के साथ सूचना और संकेत सहित आकर्षित बहुरंगी टिकट आरंभ किए गए है जिसे दर्शक बुकमार्क के रूप में संरक्षित कर सकते हैं

• संग्रहालय देखने के लिए आने वाले दिव्यांगजनों के लिए तीनों ब्लॉकों में लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

संग्रहालय के उद्देश्य

संग्रहालय की कलाकृतियों और संकलन को संरक्षित और सुरक्षित रखना।

- अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार संग्रहालय में सालार जंग के संकलन और अन्य अर्जित कलाकृतियों को प्रदर्शित करना।
- प्रख्यात विद्वानों, सांस्कृतिक संस्थानों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय के सहयोग से संग्रहालय संकलन और कला इतिहास से संबंधित व्याख्यान, प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन करना।
- वैज्ञानिक, सौंदर्यपूर्ण और सार्वजनिक-अनुकूल तरीके से मौजूदा दीर्घाओं में कलाकृतियों को आधुनिक रूप से प्रदर्शित और अनुरक्षित करना।
- जनसामान्य में संग्रहालय की कलाकृतियों और कला इतिहास के बारे में जागरूकता लाने के लिए अनुसंधान पत्रिकाओं, पुस्तकें, विवरणिका, बुकलेट आदि जैसे साहित्य को प्रकाशित करना।
- संग्रहालय को सृजनात्मक केन्द्र के रूप में कार्य करना और इसे गतिशील सांस्कृतिक संगठन बनाना।

संग्रहालय के क्रियाकलाप

- संग्रहालय के क्रियाकलाप में संग्रहालय की कलात्मक संपदा का संकलन, प्रलेखन, प्रदर्शनी, संरक्षण और व्याख्यान आदि शामिल हैं।
- प्रत्येक वर्ष सालार जंग संग्रहालय द्वारा विभिन्न अवसरों पर प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है।
- उपरोक्त के अतिरिक्त संग्रहालय द्वारा प्रत्येक वर्ष संग्रहालय सप्ताह, बाल सप्ताह, ग्रीष्मकालीन कला शिविर, व्याख्यान, संगोष्ठी और कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती है।
- संग्रहालय सप्ताह पर दर्शकों को निःशुल्क प्रवेश दिया जाता हैं। दृष्टि दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष प्रवेश संबंधी व्यवस्था और आउटरीच कार्यक्रम भी आयोजत किया जाता है।

संग्रहालय के क्रियाकलाप

सालार जंग संग्रहालय के शिक्षा अनुभाग में निम्नलिखित शाखाएँ हैं:

1. शिक्षा
2. प्रकाशन
3. जनसंपर्क

प्रत्येक शाखा के क्रियाकलाप नीचे दर्शाएं गए हैं:

शिक्षा

(क) अस्थायी प्रदर्शनियां:
विशेष/यात्रा प्रदर्शनियां, उत्सव प्रदर्शनियां, चल प्रदर्शनियां।

(ख) व्याख्यान:
मासिक व्याख्यान, अतिथि व्याख्यान, दीर्घा परिचर्चा, स्मारक व्याख्यान।

(ग) अन्य कार्यकलाप:
ग्रीष्मकालीन कला शिविर, बाल सप्ताह, संग्रहालय सप्ताह, विश्व धरोहर सप्ताह, सालार जंग III जयंती समारोह, संग्रहालय स्थापना दिवस, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यशालाएँ और कार्यक्रम।

(घ)। आंतरिक कार्मिक एवं स्कूल के प्रध्यापको के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम।

(ङ) प्रलेखन:
विषय सूची तैयार करना, मास्टर लेजरों का अनुरक्षण, संग्रहालय के कलाकृतियों का कम्प्यूटरीकरण, दीर्घा सीडी तैयार करना।

प्रकाशन

गाइड पुस्तकें, विवरणिका, पैम्फलेट, द्विवार्षिक सालार जंग संग्रहालय पत्रिका तैयार व मुद्रण करना, संग्रहालय स्मारिकाओं (पोस्ट कार्ड, पोस्टर, सीडी, प्रतिकृतियां) आदि तैयार व मुद्रण करना, कैटलॉग पुस्तकें तैयार करना व मुद्रण करना और बिक्री काउंटरों का अनुरक्षण। संग्रहालय शॉप के परिचालन का कार्य सैंट्रल कॉर्टेज इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को दिया गया है।

जन संपर्क

किसी भी संग्रहालय के लिए जन संपर्क सबसे महत्वपूर्ण विषय है। इस शाखा के अंतर्गत सामान्य एवं अति विशिष्ट पर्यटकों को निःशुल्क गाइड सेवा प्रदान की जाती है। सामान्य पर्यटकों और विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों को उचित सुविधाएं दी जाती हैं। पर्यटकों के लिए सुझाव पुस्तिका उपलब्ध कराई गयी है जिसके माध्यम से पर्यटकों के सुझावों पर विचार किया जाता है। जनसंपर्क की महत्वपूर्ण कार्यकलापों में संग्रहालय मार्गदर्शन, दीर्घा परिचर्चा, स्वागत, एएसआई, पर्यटन विभाग आदि जैसी अन्य एजेंसियों के साथ जन संपर्क बनाए रखना शामिल हैं।

सामाजिक मीडिया

- फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर संग्रहालय का अकाउंट हैं। फेसबुक: salarjungmuseum & library, ट्विटर: @sjmhyd, इंस्टाग्राम: salarjungmuseumhyd
- आगंतुकों को लिए वर्ष 2020 से बुक माई शो के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू की गई थी
- संग्रहालय ने पर्यटकों के लिए अक्टूबर 2021 में मोबाइल ऑडियो मार्गदर्शन ऐप शुरू किया है।
- वर्ष 2020 में तीन भाषाओं में नई वेबसाइट शुरू की गई थी।

रासायनिक संरक्षण स्कंध

रासायनिक संरक्षण स्कंध अमूल्य कलाकृतियों का क्षति और खराबी को सुरक्षित परिरक्षण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संरक्षण अनुभाग अपने तकनीकी कर्मचारियों के साथ इन वस्तुओं के संरक्षण और उपचार के लिए जिम्मेदार है। संग्रहालय में परिरक्षण इकाई भी है। रासायनिक संरक्षण स्कंध के कार्य निम्नानुसार हैं: दीर्घाओं में प्रदर्शित और भंडार (आरक्षित संग्रह) में परिरक्षित कलात्मक कलाकृतियों की जांच करना। क्षति/खराबी के कारणों का पता लगाना। प्राथमिकता के आधार पर वस्तुओं के उपचार के लिए की जाने वाली अनुवर्ती कार्रवाई का निर्धारण करना और आवश्यक उपचार के प्रकार पर भी निर्णय लेना।
उस वस्तु का उपचार करना जो परिपक्षक और निवारक दोनों प्रकृति का हो।

इंजीनियरी स्कंध

निम्नलिखित कार्य हेतु इंजनियरी स्कंध की स्थापना वर्ष 1994 में की गई थी (i) सिविल और वियुत दोनों कार्यों के निष्पादन की निगरानी करना, (ii) परिरक्षण की देखभाल करना, (iii) भवन अनुरक्षण जिसमें जल आपूर्ति, मल-निकासी, वातानुकूलन और बागवानी विकास शामिल है। वर्तमान में, अभियांत्रिकी स्कंध दीर्घाओं के पुनर्गठन की सतत परियोजना में जुड़ा हुआ है।

सौर ऊर्जा संयंत्र

संग्रहालय ने तेलंगाना न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (टीएनआरईडीसीएल) की सहायता से 650 kwp सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित और शुरू किया था। सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना से संग्रहालय लगभग वियुत शुल्क पर प्रति वर्ष 60 लाख रुपये की बचत कर रहा है।

सभागार

संग्रहालय के पश्चिमी ब्लॉक में अपने शैक्षणिक कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यकलापों का आयोजन करने के लिए एक वातानुकूलित 'सभागार' है जिसमें 225 लोग बैठ सकते हैं। संग्रहालय जनहित में सरकारी संगठनों को उनके अनुरोध पर उनकी आधिकारिक बैठकें अर्थात शैक्षणिक और संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभागार मुहैया कराता है।

व्याख्यान कक्ष

संग्रहालय के पूर्वी ब्लॉक में संगोष्ठी, व्याख्यान जैसे संग्रहालय संबंधी शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए एक 'छोटा व्याख्यान कक्ष' है जिसमें 120 लोग बैठ सकते हैं। संग्रहालय जनहित में सरकारी संगठनों को उनके अनुरोध पर उनकी आधिकारिक बैठकें अर्थात शैक्षणिक और संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने के लिए व्याख्यान कक्ष मुहैया कराता है।

संग्रहालय कर्मचारी

परिरक्षक कर्मचारियों में क्यूरेटर, उप क्यूरेटर और दीर्घा सहायक शामिल हैं। उनका मुख्य कार्य प्रदर्शन और भंडार (आरक्षित संग्रहण) दोनों में रखे कलाकृतियों की उचित सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनके प्रलेखन, दीर्घाओं और आरक्षित संग्रहण का अनुरक्षण सुनिश्चित करना है। प्रदर्शनियों के आयोजन और दीर्घा संबंधी व्यवस्था की देखभाल करने के लिए क्यूरेटर जिम्मेदार है। इसके अतिरिक्त यहां एक फोटोग्राफी अनुभाग भी है। वरिष्ठ गाइड व्याख्याता और गाइड व्याख्याता की सहायता से पर्यटकों के मार्गदर्शित दौरे आयोजित करते हैं और संग्रहालय का उदगम तथा उसका महत्व और प्रदर्शन में रखी गई वस्तुओं के महत्व पर व्याख्यान देते हैं।

सालार जंग संग्रहालय बोर्ड का गठन

संग्रहालय के कार्यकलापों का प्रबंधन सालार जंग संग्रहालय बोर्ड द्वारा किया जाता है, जिसके अध्यक्ष तेलंगाना के महामहिम राज्यपाल, पदेन अध्यक्ष और भारत सरकार और तेलंगाना राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले दस अन्य व्यक्ति इसमें सदस्य होते हैं। 11 सदस्यों में से पांच सदस्य पदेन होते हैं और छह सदस्य मनोनीत होते हैं।

बोर्ड को प्रशासनिक, वित्तीय और विकासात्मक कार्यकलापों से संबंधित मामलों पर निर्णय लेने के लिए चार समितियों अर्थात; कार्यकारी, वित्तीय, भवन सलाहकार और संग्रहालय विकास समितियों द्वारा सहायता प्रदान की जाती है।

बोर्ड की संरचना

(क) तेलंगाना राज्य के राज्यपाल, — पदेन अध्यक्ष

(ख) संबंधित मंत्रालय में भारत सरकार के प्रतिनिधि, जो सालार जंग संग्रहालय से संबंधित कार्य देखते हो और जो उप-सचिव, के स्तर से कम न हो। — पदेन सदस्य

(ग) महापौर, हैदराबाद महानगर निगम — पदेन अध्यक्ष

(घ) उस्मानिया विश्वविद्यालय के कुलपति, — पदेन अध्यक्ष

(ङ) महालेखाकार, तेलंगाना — पदेन अध्यक्ष

(च) *केंद्र सरकार द्वारा नामित किया जाने वाला व्यक्ति, जो दिवंगत नवाब सालार जंग बहादुर के परिवार का सदस्य हो, जिनकी मृत्यु 02 मार्च, 1949 को हुई थी।

(छ) *केंद्र सरकार द्वारा नामित तीन व्यक्ति, जिन्हें यथासंभव संग्रहालयों से संबंधित मामलों का ज्ञान एवं अनुभव हो।

(ज) *राज्य सरकार द्वारा नामित दो व्यक्ति। मनोनित सदस्यों का कार्यकाल 05 वर्ष का होता है।

वर्ष 2023-24 के लिए बोर्ड के सदस्यों के नाम निम्नानुसार हैं

1.	डॉ तमिलिसै सौंदरराजन महामहिम राज्यपाल, तेलंगाना, हैदराबाद (08 फरवरी 2020 से)	पदेन अध्यक्ष
2.	संयुक्त सचिव (संग्रहालय) संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली	पदेन सदस्य
3.	श्रीमती गडवाल विजय लक्ष्मी, माननीय महापौर पदेन सदस्य हैदराबाद महानगर निगम, हैदराबाद दिनांक 11-02-2021 से	
4.	प्रोफेसर डी. रविंदर, कुलपति, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद। (24-5-2021 से)	पदेन सदस्य
5.	(i) श्री अनिंद्धा दास गुप्ता, IA &A S महालेखाकार (लेखा एवं हकदार) तेलंगाना राज्य, हैदराबाद (11 अक्टूबर 2022 तक) (ii) श्री जितेन्द्र एस करापे, IA &A S प्रधान महालेखाकार (A &E) तेलंगाना राज्य, हैदराबाद (12 अक्टूबर 2022 से)	पदेन सदस्य
6.	नवाब एहतराम अली खान, म. सं. 9-4-2, टोली चौकी, (सालार जंग परिवार) हैदराबाद।	नामित सदस्य भारत सरकार
7.	प्रो वी किशन राव, एआईएचसीए के H.O.D. (सेवानिवृत्त) रजिस्ट्रार (सेवानिवृत्त) उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद	नामित सदस्य भारत सरकार
8.	डॉ. एस. जय किशन अध्यक्ष, भवन्स न्यू साइंस कॉलेज रामकोट, हैदराबाद	नामित सदस्य भारत सरकार
9.	डॉ. जी. कमलाकर निदेशक (सेवानिवृत्त), बिड़ला विज्ञान संग्रहालय, हैदराबाद।	नामित सदस्य भारत सरकार
10.	डॉ. राममोहन जोघु, श्री मीनाक्षी अस्पताल, बोयापल्ली गेट रोड, तेलंगाना चौरास्ता के नजदीक, महबूब नगर, तेलंगाना राज्य (राजपत्रित अधिसूचना दिनांक 23 नवंबर, 2021 शुद्धिपत्र दिनांक 31 दिसंबर, 2021)	नामित सदस्य तेलंगाना सरकार

11. श्री रमेश जमालपुर — नामित सदस्य
म. सं 2-8-2/1, — तेलंगाना सरकार
भारतीय स्टेट बैंक के नजदीक, मार्केट रोड,
महबूब नगर, तेलंगाना
(राजपत्रित अधिसूचना दिनांक 23 नवंबर, 2021)
शुद्धिपत्र दिनांक 31 दिसंबर, 2021)

